सोमवार
18 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

राज्य में होगा 1 लाख करोड़ रु. का औद्योगिक निवेश : महासेठ

3

दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को किया संबोधित

देश के काम में कभी पीछे नहीं रहूंगा : मोदी

- मोदी ने कन्याकुमारी से बनारस के लिए काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- बोले- विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने का बीज है, जो 25 साल में वटवृक्ष बनकर तैयार हो जाएगा

केटी न्यूज/वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें गुलाब का फूल भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद रोड शो का आयोजन किया गया। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में भीड़ जुटी थी। पीएम मोदी को देखते हुए समर्थकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। पीएम मोदी वाराणसी में 25 घंटे तक रहेंगे। इस दौरान वह काशी को कई सौगात देंगे।

यहां उन्होंने कटिंग मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मेरे कामों की परीक्षा है। सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक हमें लाभार्थियों के जरिए मिल रहा है, इससे संतोष तो मिलता ही है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने का बीज है, जो अगले 25 साल में वटवृक्ष बनकर तैयार हो जाएगा। भारत विकसित हो जाएगा तो तमाम मुसीबतों का नामो निशान नहीं होगा। हम मुसीबतों से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने काशीवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं आपके सेवक के नाते तो कार्य करूंगा ही, मगर आपने जो देश का काम दिया है उसमें भी महादेव के आशीर्वाद से कभी पीछे नहीं रहूंगा। मोदी ने कन्याकुमारी से बनारस के लिए काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के सांसद के नाते मेरा भी दायित्व बनता है कि मुझे भी इस कार्यक्रम में आपके सेवक के रूप में आपकी हिस्सा लेना चाहिए। हमारे देश में सरकारें बहुत आई, योजनाएं भी बहुत बनीं, बातें भी बड़ी-बड़ी हुईं। मगर सोचने वाली बात यह है सरकार जो योजना बनाती है, जिसके लिए बनाती है और जिस लक्ष्य के लिए बनाती है क्या वो बिना किसी परेशानी के सही समय पर लाभार्थियों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए जनता को सरकार के नहीं बल्कि सरकार को जनता के पास पहुंचना होगा। इसी संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चलाई जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मेरे कामों की परीक्षा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए हमने तय किया कि सरकार लाभार्थियों से जाकर मिलेगी और उनसे उनके अनुभव पूछेगी। इससे हमारे कामों का हिसाब-किताब भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ये संकल्प यात्रा एक प्रकार से मेरी कसौटी और परीक्षा भी है कि मैंने जो कहा और जो कार्य कर रहा हूं, उसके बारे में जनता क्या कह रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्हें योजनाओं के लाभार्थियों से आशीर्वाद तो मिलता है ही, मगर सरकारी अफसरों का भी आत्मबल बढ़ता है। सरकारी कागजों पर दस्तखत करके योजनाएं लागू करना सरकारी काम होता है मगर जब उस योजना से किसी गरीब को फायदा मिलता है तो अफसर को भी आत्मसंतोष मिलता है। कागज पर काम सरकारी काम है मगर उसके फीडबैक से सरकारी अफसरों को अपने काम का संतोष होने लगा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा। हम आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। देश विकसित भारत बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। इसके लिए संकल्प लेना होगा, मन बनाना होगा। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं।

पीएम ने काफिला रुकवाकर एंबुलेंस को दिया रास्ता

पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो का काफिला वाराणसी के अर्दली बाजार में निकल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक एंबुलेंस को काफिले ने रास्ता दिया। एंबुलेंस काफिले के साइड से निकल गई। एक अधिकारी ने बताया कि नदेसर स्थित कटिंग मेमोरियल पहुंचने पर उनके काफिले के सामने एक एंबुलेंस आ गई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपना काफिला रुकवाकर एंबुलेंस को रास्ता दिया।

पीएम मोदी ने काशी और तमिलनाडु को बताया महादेव का घर: पीएम नरेंद्र मोदी बनारस के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, काशी और तमिलनाडु का रिश्ता अद्भुत है। इनके बीच भावनात्मक संबंध है और ये दोनों ही महादेव के घर हैं। कहा, आप सब इतनी बड़ी संख्या में सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके काशी आए हैं. काशी में आप सब अतिथि से ज्यादा मेरे परिवार के सदस्य के तौर पर यहां हैं। मैं आप सभी का काशी तमिल संगमम में स्वागत करता हूं। पीएम मोदी ने कहा, तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है, महादेव के एक घर से उनके दूसरे घर आना. तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है- मदुरै मीनाक्षी के यहां से काशी विशालाक्षी के यहां आना। इसीलिए,तमिलनाडु और काशीवासियों के बीच हृदय में जो प्रेम है, जो संबंध है, वो अलग और अद्वितीय है।

उत्तर व दक्षिण के संगम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मिलेगा नया बल: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी व तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। काशी के धार्मिक महत्व के कारण देश के सभी भागों के लोग सदियों से यहां आते रहे हैं। गंगा तट पर बसी यह पवित्र नगरी भारत के धर्म, संस्कृति व आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है। यहां ज्ञान, धर्म, दर्शन, संस्कृति, साहित्य, कला व शिल्प का अद्भुत समागम है। इसी तरह तमिलनाडु भी प्राचीन काल से संस्कृति, ज्ञान, कला, शिल्प व साहित्य का केंद्र रहा है। तमिल भाषा का साहित्य अत्यंत प्राचीन व समृद्ध है। भारत में संस्कृत एवं तमिल साहित्य सबसे प्राचीन है। समस्त भारतीय भाषाएं और उनके साहित्य को अपने में समाहित करता है। समावेशी, सांस्कृतिक प्रेरणा का यह स्रोत समाज में सद्भाव और समरसता बनाए हुए है। इस आयोजन से तमिलनाडु के अतिथि न सिर्फ यूपी व काशी के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होंगे, अपितु उत्तर व दक्षिण के संगम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नया बल भी मिलेगा। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के नमो घाट पर रविवार को 'काशी तमिल संगमम के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ अवसर पर कहीं। सीएम ने विशेश्वर की पवित्र धरा पर रामेश्वरम की पावन भूमि से पधारे तमिलनाडु के अतिथियों का तमिल भाषा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में तमिलनाडु व अन्य दक्षिणी राज्यों से काशी आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं में भारी वृद्धि हुई है। सीएम ने कहा कि तमिल कार्तिक माह में काशी-तमिल संगमम् का यह आयोजन प्रधानमंत्री जी के विजन का परिणाम है। इससे दक्षिण का उत्तर से अद्भुत संगम हो रहा है। सहस्राब्दियों पुराना संबंध फिर से नवजीवन पा रहा है। इस आयोजन की परिकल्पना के माध्यम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की चेतना को जागृत करते हुए प्रधानमंत्री जी ने जिस बड़े अभियान को बढ़ाया है। हम सभी उसके आभारी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी बोले... सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग, नए भारत के नए सामर्थ्य व नए संकल्प की प्रतीक

एजेंसी/सूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूरत डायमंड बोर्स का रविवार को उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित किया और कहा, आज सूरत शहर की भव्यता में एक और डायमंड जुड़ गया है और डायमंड भी छोटा-मोटा नहीं है, बल्कि ये तो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। इस डायमंड की चमक के आगे दुनिया की बड़ी से बड़ी इमारतों की चमक फीकी पड़ रही है। अब दुनिया में कोई भी कहेगा डायमंड बुर्स... तो सूरत का नाम साथ आएगा...भारत का नाम भी साथ आएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सूरत डायमंड बुर्स, भारतीय डिजाइन, भारतीय डिजायनर्स, भारतीय मटेरियल और भारतीय कॉन्सेप्ट के सामर्थ्य को दिखाता है। ये बिल्डिंग, नए भारत के नए सामर्थ्य और नए संकल्प की प्रतीक है। मैं सूरत डायमंड बुर्स के लिए डायमंड इंडस्ट्री को, सूरत को, पूरे देश को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, आज सूरत के लोगों को, यहां के व्यापारियों-कारोबारियों को दो और सौगातें मिल रही हैं। आज ही सूरत एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन हुआ है और दूसरी बड़ी बात ये हुई है कि अब सूरत एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा मिल गया है। मैं सूरत के लोगों को, गुजरात के लोगों को इस अद्भुत टर्मिनल और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए बधाई देता हूं।

दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय परिसर है सूरत डायमंड बोर्स

दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय परिसर वाली सूरत डायमंड बोर्स (एसडीबी) इमारत 67 लाख वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैली है और सूरत शहर के समीप खजोद गांव में स्थित है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। बयान में कहा गया है कि इसमें आयात और निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक ह्यसीमा शुल्क मंजूरी गृह', खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग की सुविधा होगी। एसडीबी के मीडिया संयोजक दिनेश नवादिया ने हाल में एक बयान में कहा था कि मुंबई के हीरा व्यापारी समेत कई हीरा व्यापारियों ने पहले ही अपने कार्यालयों का कब्जा ले लिया है जो नीलामी के बाद प्रबंधन ने आवंटित किए थे। एसडीबी ह्यडायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल (ड्रीम) सिटी' का हिस्सा है। गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने फरवरी 2015 में एसडीबी और ड्रीम सिटी परियोजना की नींव रखी थी। एसडीबी अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन है जिसमें करीब 4,500 हीरा व्यापार कार्यालय हैं।

नागपुर में सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में विस्फोट, नौ लोगों की मौत

एजेंसी/नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में बाजारगांव के पास सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। धमाके में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए। अधिकारियों के अनुसार, धमाके के समय कंपनी के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। विस्फोट कंपनी के एक कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। इस हादसे को लेकर डिप्टी सीएम ने मुआवजे का एलान किया है। नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि नागपुर के बाजारगांव में सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में ब्लास्ट होने से 9 लोगों की मौत हो गई। यह धमाका सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के समय हुआ। धमाके के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज नागपुर में सौर कंपनी में हुए धमाके में छह महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। यह एक कंपनी है, जो रक्षा बलों के लिए ड्रोन और विस्फोटक बनाती है। नागपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगातार हम संपर्क में हैं। इसके अलावा आईजी, एसपी और कलेक्टर मौके पर हैं। राज्य सरकार इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देगी।

ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड में लोजपा नेता हुलास पाण्डेय समेत आठ पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर

केटी न्यूज/आरा

10 साल बाद सीबीआई ने बिहार के बहुचर्चित ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में लोजपा नेता हुलास पाण्डेय समेत आठ लोगों को आरोपी बनाया है। शनिवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट आरा के जिला एवं सत्र न्यायालय में दायर कर दी गई है। सेशन जज-3 के कोर्ट में अभय पाण्डेय, नंद गोपाल पाण्डेय उर्फ फौजी, रीतेश कुमार उर्फ मोनू, अमितेश कुमार पाण्डेय उर्फ गुड्डू पाण्डेय, प्रिंस पाण्डेय, बालेश्वर पाण्डेय और मनोज राय उर्फ मनोज पाण्डेय को आरोपी बनाया है। सीबीआई के द्वारा दायर इस चार्जशीट में कोर्ट को बताया गया है कि हुलास पांडेय ने सात अन्य

आपराधिक लोगों के साथ मिलकर ब्रह्मेश्वर नाथ सिंह उर्फ ब्रह्मेश्वर मुखिया की हत्या को अंजाम देने की साजिश रची थी। हुलास पांडेय वर्तमान समय में लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

सीबीआई के द्वारा दर्ज की चार्जसीट में कोर्ट को बताया गया है कि आरोपी अपराधी प्लान के तहत आरा के कतिरा मोड़ पर 1 जून 2012 की सुबह 4 बजे जुटे पहुंच गए। वहीं ब्रह्मेश्वर मुखिया प्रतिदिन कि तरह सुबह टहलते हुए अपने आवास की गली के समीप पहुंचे, उसी दौरान मौजूद आरोपित अपराधियों करीब से छह गोलियां मार दी। उस दौरान हुलास पांडेय समेत आठ लोगों के द्वारा गोलियां देसी पिस्तौल से चलाई गई।

रणवीर सेना के प्रमुख 70 वर्षीय ब्रह्मेश्वर मुखिया की हत्या के तकरीबन एक साल बाद 12 जुलाई 2013 को मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। उनकी हत्या से संबंधित एफआईआर आरा के नवादा थाने में दर्ज की गई थी, सीबीआई की 10 वर्ष की लंबी जांच के बाद मुख्य आरोपितों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ चार्जशीट दायर की है।



बेंगलुरू में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

सार्वजनिक शांति को भंग करना अपराध: मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी/बेंगलुरु

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने लैंगिक आधार पर सैलरी के अंतर और गृहिणियों के अधिकारों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि अधिकारों के उल्लंघन के लिए प्राइवेसी की आड़ नहीं ली जा सकती। भारत के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर कानून के उद्देश्य का

विस्तार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति लड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं, तो उसे क्राइम माना जाता है, लेकिन यह तभी दंडनीय है, जब यह झगड़ा सार्वजनिक स्थान पर हो। ऐसे में कानून का जोर केवल झगड़ों के मेरिट और डिमेरिट पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है इस पर होता है।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि निजी स्थान में घर गृहिणी के लिए एक आर्थिक गतिविधि की जगह है, जहां उसे उसकी सर्विस के लिए मजदूरी नहीं दी जाती है। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को स्पेसिफिक सर्विस और कामुक व्यवसायों तक ही सीमित रखा जाता है। इस तरह उनके अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है।

घर के नौकर को नहीं मिलते कॉर्पोरेट कर्मचारी जैसे लाभ: उन्होंने कहा कि न्याय की भावना तब विकसित होती है, जब हम अपने दिमाग को उस धारणा से परे खोलने के लिए तैयार और इच्छुक होते हैं, जिसे समाज ने हमें रखना सिखाया है। यह तभी होता है जब हमारा दिमाग खुला होता है। उन्होंने पूछा, जब लोग घरों में नौकर रखते हैं तो क्या कानून उस व्यक्ति को कॉर्पोरेट कर्मचारी के समान लाभ देता है।

महिलाओं को मिलती ही कम सैलेरी: भारत में जेंडर को लेकर सैलरी के अंतर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, यह मुद्दा विशेष रूप से भारतीय महिलाओं के लिए प्रमुख है, खासकर वह महिलाएं जो हाशिए पर हैं। विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद उनको पुरुषों की तुलना में मेहनताना कम मिलता है। यह लैंगिक भेदभाव है। इसे दूर करने के लिए विशेष कदम उठाने होंगे।

बिहार की महागठबंधन सरकार में 4000 लोगों की हुई हत्या: नित्यानंद

केटी न्यूज/जहानाबाद

सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्ध आश्रम का उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जहानाबाद के अवगिला मोड़ पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार बनी है तब से बिहार में अपराध का बोलबाला है। दिनदहाड़े लोगों की मर्डर हो रही है मां बहने से लेकर पुजारी भी सुरक्षित नहीं है। मंदिर से उठाकर पुजारी का हत्या की जा रही है ,और यह बहरी गूंगी सरकार आंख मूंद कर बैठी हुई है।

कहा कि सरकार अपने कारनामों से बाज आए, जनता सब कुछ देख रही है। अगर सरकार अपने कार्यों में सुधार नहीं लाई तो इस सरकार को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार बनी है 4000 लोगों की हत्या हुई है 500 मां बहनों के साथ बलात्कार की घटना घटी है। 100 लोगों के यहां भीषण डकैती हुआ है 1000 से अधिक विभिन्न तरह की अपराध हुआ है, उन्होंने कहा कि इस सरकार में एक मंदिर के पुजारी को अपहरण किया जाता है और उसके आंख निकाल दिए जाते हैं जीभ काट दिया जाता है। उसकी हत्या की जाती है। इसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है, उन्होंने कहा कि यह सरकार अपराधियों का संरक्षण दे रहा है। और जो लोग भी घटना में शामिल है उसे सरकार बचा रही है बिहार की जनता भय की वातावरण में जी रहे हैं ,मैं सरकार को आगाह करना चाहता हूं यह अपराधियों पर लगाम लगाए वरना बिहार में अपराध पर अपराध होता जा रहा है और नीतीश एवं तेजस्वी की सरकार आंख बंद कर बैठ कर देख रही है। जब उनसे संसद में अपराधी घुस जाने की बात पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच चल रही है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि किस कारण से संसद में घुसे थे सभी बिंदु पर जांच की जा रही है।

नीतीश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं, लगे राष्ट्रपति शासन : मांझी

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सीएम मांझी ने जोर देते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल समरस समाज के निर्माण को लेकर आगे बढ़े थे। लेकिन नीतीश कुमार की सरकार गूंगी और बहरी सरकार है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। यही कारण है कि पिछले कुछ महीनों से उन्हें किसी कार्यक्रम में बोलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। खासकर मीडिया के सामने मुख्यमंत्री को नहीं लाया जा रहा है। जीतन राम मांझी ने मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नीतीश कुमार की सरकार को हटाकर जल्द से जल्द बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करें, क्योंकि नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दरअसल, जीतन मांझी रतनी प्रखंड के अवगिला में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शिकरत करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही।

एक नजर

बिहार राज्य पेंशनर समाज ने मनाया पेंशन दिवस

मखदुमपुर। रविवार को बिहार राज्य पेंशनर समाज मखदुमपुर इकाई के द्वारा मिडिल स्कूल मखदुमपुर के प्रांगण में पेंशन दिवस मनाया गया कार्यक्रम में वक्ताओं ने राज सरकार एवम केंद्र सरकार से पेंशनरों को मेडिकल भत्ता बढ़ाने ,प्रखंड मुख्यालय में पेंशनरों के लिए एक कार्यालय की स्थापना कराने एवं पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की। कार्यक्रम में पहुंचे 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में चंद्रभूषण शर्मा, विनोद प्रसाद ,रामदुलारी देवी, किशोरी राम एवं मदन मोहन सिंह शामिल हैं।

शिविर में बोले अधिवक्ता... आपदा पीडितों को है मुफ़्त सहायता का संवैधानिक अधिकार

औरंगाबाद। आपदा पीड़ितों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह ने किया। वहीं संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक बेबी कुमारी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के हकदार हर आपदा पीड़ित हैं, आपदा चाहे मानव निर्मित हो या प्राकृतिक, प्राधिकार का उद्देश्य है कि विभिन्न सेवाओं का लाभ हर आपदा पीड़ितों को मिले। उन्होंने कहा कि सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा यथासंभव मिलकर अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सोन दियारा में पुलिस ने की छापेमारी

औरंगाबाद। एसपी के निर्देश पर अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु पुलिस के द्वारा निरंतर छापामारी जारी है जिसमें बड़ेम ओ.पी अंतर्गत सोन नदी दियारा क्षेत्र में छापेमारी किया गया जिसके फलस्वरूप अवैध खनन करने वाले बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया। गौरतलब हैं कि खनन माफिया शाम ढलते ही बालू उत्खनन में जुट जाते हैं और पुरी रात चोरी-छिप्पे चल रहे, इस कारोबार को अंजाम देते हैं तथा मनमर्जी के दाम वसूलते हैं। थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि सोन नद से बालू की अवैध निकासी रोकने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन में पकड़े गए लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आर्म्स एक्ट मामले का आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद। आर्म्स एक्ट मामले में फरार एक आरोपित को देव थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित कमार्डीह गांव निवासी पिंटू सिंह हैं। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुईं थीं जिसमें गांव के ही बब्लू कुमार ने आरोपित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था जिसमें बताया कि आरोपित ने हथियार का भय दिखा कर उसके साथ मारपीट किया। पकड़ा गया आरोपित पंचायत समिति सदस्य है।

औरंगाबाद में आयोजित वैश्य समागम में बोले उद्योग मंत्री

राज्य में होगा 1 लाख करोड़ रु. का औद्योगिक निवेश: महासेठ

- बोले- बिहार में औद्योगिकीकरण के लिए तेजी से हो रहा काम
- दूसरे राज्यों और विदेशों में रह रहे लोगों से की अपील- यहां उद्योग लगाएं, हम उन्हे जमीन और संसाधन देंगे

केटी न्यूज/औरंगाबाद

बिहार पर उद्योगपतियों का विश्वास बढ़ा है। राज्य में औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल बना है। इसी वजह से हाल में ही संपन्न निवेशक सम्मेलन के माध्यम से राज्य में उद्योग लगाने के लिए देश के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों ने 50 हजार करोड़ का निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह बात बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने औरंगाबाद में रविवार को आयोजित वैश्य समागम के दौरान पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहीं । श्री महासेठ ने कहा कि राज्य में उद्योग महकमें में बेहतर काम हो रहा है। बिहार में तेजी से औद्योगिकीकरण की दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। हमारा उदेश्य राज्य को उद्योगों के मामलें टॉप टेन में लाना है। इसी उदेश्य पर हम काम कर रहे है। हाल में संपन्न निवेशक सम्मेलन में उद्योगपतियों के साथ राज्य में 50 हजार करोड़ के निवेश की सहमति बनी है। इसके लिए एमओयू साईन हुआ है। आगे उन्हे राज्य में 1 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश की उम्मीद है। कहा कि बिहार से बाहर दूसरे राज्यों और विदेशों में रह रहे राज्य में निवेश करने में सक्षम लोगों से उनकी अपील है कि उन्हे बिहार उनकी अपनी धरती बुला रही है। वें यहां उद्योग लगाएं। हम उन्हे उद्योग लगाने के लिए जमीन देंगे। हर वह सुविधा देंगे जो उद्योग लगाने के लिए जरूरी है।

वैश्य समाज के लोग सिर्फ व्यापार नही करें, उद्योग भी लगाएं

उद्योग मंत्री ने कहा कि अपने वैश्य समाज के लोगों से भी उनका आग्रह होगा कि वें खुद को औद्योगिक उत्पादों के व्यापार तक ही सीमित नही रखे। वें भी उद्योग लगाने में सक्षम हैं। उनमें भी उद्योगों को चलाने की कार्यकुशलता है। वें भी उद्योग लगाने में रुचि ले। वें लाभ और रोजगार दोनों के लिए निवेश करे। हम आपको हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराएं। आपके समाज का व्यक्ति राज्य का उद्योग मंत्री है। आप मुझ पर भरोसा कर सकते है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि उद्योग लगाने में होने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी से निजात दिलाउंगा।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने से आएंगी समृद्धि : उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से लगातार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रही है। यह मांग शत प्रतिशत जायज है। राज्य को विशेष दर्जा मिलेगा तो यहां औ प्रगति होगी। यहां उद्योग-धंधे और बढ़ेंगे। रोजी रोजगार का सृजन होगा। इस दौरान नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, शेरघाटी की विधायक मंजू अग्रवाल, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पीके चौधरी, महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह एलजेपीआर के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

औरंगाबाद एक्सपोर्ट ओरिएंटेड जिला, यहां अपार संभावनाएं

उन्होंने औरंगाबाद की चर्चा करते हुए कहा कि यह एक्सपोर्ट ओरिएंटेड जिला है। यह तीन-तीन नेशनल हाईवेज और रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर की कनेक्टिविटी हैं। यहां उद्योग लगाने की अपार संभावनाएं है। राज्य सरकार ने औद्योगिकीकरण की दिशा में जब कदम बढ़ाए है, तो बाहर में रह रहे औरंगाबाद के सक्षम लोगों की भी यह जिम्मेवारी बनती है कि वें भी यहां आए और उद्योग लगाकर क्षेत्र में समृद्धि लाएं। यहां के लोगों के लिए रोजगार सृजन का काम करे।

गली के विवाद में छत पर खड़ी छात्रा को मारी गोली, हालत गंभीर

केटी न्यूज/आरा

बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव में रविवार की सुबह छत पर खड़ी एक स्कूली छात्रा को गोली मार दी गयी। बाएं पैर में घुटने के पिछले हिस्से में लगी गोली आरपार पर हो गयी है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी छात्र ओसाई गांव निवासी दिनेश यादव की 12 वर्षीया पुत्री छठी कुमारी उर्फ अमृता कुमारी है। वह छठी कक्षा की छात्रा है।

गोली मारने का आरोप पड़ोस के ही हंसराज यादव नामक एक युवक पर लगाया जा रहा है। सुबह होते ही गोली मारे जाने की घटना गांव में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इधर, जख्मी छात्रा के भाई मिथिलेश कुमार ने बताया कि दस रोज पूर्व पड़ोस के ही काशी यादव के साथ गली को लेकर झगड़ा हुआ था। उसी समय से विवाद चल रहा था। रविवार की सुबह उसकी बहन छत पर खड़ी थी। तभी काशी यादव के पुत्र हंसराज ने अपने छत से कट्टा से उसकी बहन को गोली मार दी। उससे उसकी बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसके बाद उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। बाद में उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिथिलेश कुमार की ओर से उसी गली के विवाद में हंसराज यादव पर अमृता को गोली मारने का आरोप लगाया गया है।

शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न हुई दारोगा भर्ती परीक्षा

औरंगाबाद। बिहार दारोगा भर्ती परीक्षा केंद्र का पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने ज़िला मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराने हेतु संबधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रविवार को शहर के 17 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा अयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला प्रशासन के तरफ से सभी परिक्षा केंद्रों को पूरी तरह से आधुनिक चीजों से लैस कर दिया है। बाहर से लेकर अंदर तक सीसीटीवी लगी हुई है। इसके अलावा मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। पुलिस बल का तैनाती कर दी गई है। परीक्षा कदाचार मुक्त हो इसको लेकर जगह-जगह दंडाधिकारी चेक भी कर रहे थे। केंद्र व्यवस्थापक व कक्ष निरीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व नकलवीहिन होनी चाहिए। यह हम सबका दायित्व है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही माफ नहीं की जाएगी।

विवाहिता ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

औरंगाबाद। आपसी कलह से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामला टंडवा थाना क्षेत्र के दुआरी गांव का है। मृतक की पहचान धनंजय प्रजापति की पत्नी गायत्री देवी के रूप में हुई है। घटना देर रात की हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दी है। वहीं इसके उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना का कारण आपसी कलह बताया जा रहा है। जिससे विवाहिता पिछले कुछ दिनों से परेशान थी।

दु:साहस: आरा में एक ही रात मोबाइल और कपड़ा दुकान से नगदी समेत लाखों की चोरी

केटी न्यूज/आरा

शहर में चोरों शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया। एसपी और एएसपी आवास के समीप दो दुकानों का शटर उखाड़ चोर लाखों का सामान ले उड़े। चोरी की घटना एसपी कोठी के ठीक सामने मोबाइल दुकान और कुछ दूरी पर स्थित एएसपी आवास के समीप कपड़े की दुकान में हुई है। चोरी की घटना शहर के आनंद नगर न्यू शिवपुर निवासी अमित सिंह की मोबाइल दुकान और महाराणा प्रताप नगर के रहने वाले रितेश चौरसिया की कपड़ा दुकान में हुई है।

घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी प्रमोद कुमार यादव ने नवादा पुलिस को चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इस क्रम में पुलिस ने दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। उसमें मोबाइल दुकान के समीप मुंह बांधे दो संदिग्धों को देखा गया है। उस आधार पर पुलिस चोरों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है। पुलिस ने मौके से शटर तोड़ने में इस्तेमाल लोहे का एक रॉड भी बरामद किया है। अमित सिंह ने बताया कि शनिवार की रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। उसी बीच चोरों ने उनकी दुकान को निशाना बना डाला। चोर लोहे के रॉड से शटर उखाड़ कर उनकी दुकान से छह कीमती मोबाइल, पांच स्मार्ट वॉच, पांच एयरबड, 12 नेकबैड और 11 हजार रुपए नगद ले भागे हैं। चोरी की दूसरी घटना कुछ दूरी पर स्थित एएसपी के आवास के समीप कपड़े की दुकान में हुई है। वहां भी शटर तोड़ दुकान से 12 हजार रुपए नकद और हजारों के कपड़ों की चोरी की गयी है।

आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर पुल के समीप शनिवार की रात हुई वारदात

ट्रक चालक को चाकू मार रुपए छीन भागे बदमाश

केटी न्यूज/आरा

बक्सर-पटना फोरलेन पर कोईलवर सिक्स लेन पुल के समीप शनिवार की रात बदमाशों ने छिनतई का विरोध करने पर यूपी निवासी एक ट्रक चालक को चाकू मार दिया। अपराधियों ने चालक से दस हजार रुपए और मोबाइल भी लूट लिया। चाकू चालक के दायें साइड पेट और पंजरी में लगा है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है।

जख्मी चालक यूपी के बिजनौर जिले के कोतवाली थाने के बिजनौर गांव निवासी मो. मजर का 40 वर्षीय पुत्र मो. आजाद है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी। बदमाशों की भागने की दिशा में छापेमारी भी की गयी।

लेकिन पकड़ में नहीं आ सके। चालक के साथ रहे ट्रक के खलासी मो. असलम ने बताया कि दोनों पंजाब से ट्रक पर आलू लोड कर पटना मंडी में जा रहे थे। शनिवार की रात वे लोग कोईलवर सिक्स लेन पुल पर पहुंचे। तभी उनके ट्रक में अचानक खराबी आ गई। उसे लेकर बाद वे लोग ट्रक खड़ा कर टूटे तार को जोड़ रहे थे। तभी चार की संख्या में अपने हाथों में चाकू लिए अपराधी वहां आ धमके और उसके साथी चालक मो.आजाद के पास रहे नगद दस हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया। उसने विरोध किया, तो उन लोगों द्वारा उसे चाकू मार दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग गये। उससे वह चालक को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी हालत देखकर पटना रेफर कर दिया गया है। खलासी मो.असलम ने अपराधियों पर दस हजार रुपए और मोबाइल छिनने एवं विरोध करने पर उसे चाकू मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से इस मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी भी की जा रही है।

देवघर की लगातार दूसरी जीत, पटना को छह विकेटों से हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश

- शहीद रविकांत क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच में पटना की टीम 128 पर सिमटी, देवघर की आसान जीत

केटी न्यूज/डुमरांव

शहीद रविकांत सिंह आईपीएस मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का दूसरा मैच रविवार को देवघर और पटना के टीम के बीच ग्रुप ए का क्वार्टर फाइनल खेला गया, जिसमें लगातार दूसरी जीत हासिल कर देवघर की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एलेवन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूनामेंट के दूसरे मैच में पटना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। 21 ओवरों के इस मैच में पटना की टीम 20 वें ओवर में सभी विकेटों को खोकर 128 रनों के लक्ष्य देवघर की टीम के सामने रखा। पटना की ओर से गोलू ने सर्वाधिक 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली जबकि देवघर के विक्रम ने चार विकेट झटके। 129 रनों का पीछा करने उतरी देवघर की टीम के बल्लेबाजों ने इन रनों को काफी छोटा कर दिया। महज 17 वें ओवर में ही चार विकेट गंवा कर इस मैच को जीत लिया। देवघर के तरफ राहुल ने 68 रनों की शानदार पारी खेल दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अपने इस पारी में राहुल ने चार गगनचुंबी छक्के और छह चौके लगा पटना के गेंदबाजों को दिन में तारें दिखा दिये। ओपनर परवेज ने भी 35 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। पटना की तरफ से मोहन, प्रशांत, हिमांशु व विकास ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह देवघर ने छह विकेटों से पटना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रोफेसर कामता लाल सिन्हा द्वारा राहुल चौधरी को दिया गया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन डॉक्टर शैलेश श्रीवास्तव और डॉक्टर राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच का टॉस उपचेयरमैन विकास ठाकुर की मौजूदगी में हुआ। मैच के दौरान निर्णायक की भूमिका वेद प्रकाश और निरंजन प्रसाद ने निभाई। स्कोरर के रूप में कुमार चेतन व सतीश जायसवाल रहे। सोमवार को टूनामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला पिछले वर्ष की उप विजेता मुजफ्फरपुर और हरियाणा के बीच खेला जायेगा। मौके पर नरेंद्र नाथ ओझा, संजय शर्मा, संजय तिवारी, नंदजी सिंह, मनोज सिंह, फूलन सिंह, अरविंद चौरसिया, अरुण सिंह, विष्णुदत्त द्विवेदी, जियाउल हक सहित अन्य उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

11 से 17 जनवरी तक आयोजित होगी फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

बक्सर। 18 वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 11 से 17 जनवरी तक बक्सर के किला मैदान में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए रविवार को आयोजन समिति की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के साथ ही तैयारियों को शुरू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता के विजेता को एक लाख व रनर को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा। बता दें कि स्व. फैज शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे है। बैठक रेडक्रॉस सोसाइटी में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता इंद्र प्रताप सिंह उर्फ.बबन सिंह एवं सुरेश अग्रवाल ने किया। बैठक में बताया गया कि अलग अलग टीमों के प्रायोजक के लिए जो भीं इच्छुक होंगे वो समिति से संपर्क करेंगे। इस बार का कार्यक्रम और भी भव्य बनाने के लिए लाइव टेलीकास्ट किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा प्रसाद वर्मा, संजय राय, संजय सिंह, श्रवण तिवारी, राजेश कुशवाहा, फराह अंसारी, ओमजी यादव, रिंकू यादव, अनुराग पांडे, राजेश यादव, दीपक सिंह, विजय चौरसिया, बल्ली, किस्मत यादव, मनीष पासवान, नियामतुल्लाह फरीदी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

डुमरांव में जल संरक्षण की कवायदों पर पानी फेर रहा विभागीय उदासीनता

जतकुटवा बस्ती के पास मुख्य पथ पर जलजमाव से खतरनाक हुआ परिचालन

- पानी व कीचड़ के कारण फंसने लगे हैं दुपहिया व तिपहिया वाहन, दुर्घटना की बनी हुई है आशंका

केटी न्यूज/डुमरांव

राज्य सरकार जल जीवन हरियाली योजना पर करोड़ो रूपए खर्च कर रही है। भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने के लिए परंपरागत जलस्त्रोतों को संरक्षित किया जा रहा है। वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन डुमरांव में नगर परिषद प्रशासन की उदासीनता से हर दिन न सिर्फ हजारों लिटर शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहा है बल्कि इससे डुमरांव के मुख्य पथ स्टेशन रोड में परिचालन की समस्या भी गंभीर हो गई है। हम बात कर रहे है नगर के वार्ड 18 स्थित जतकुटवा बस्ती के पास हुए जलजमाव की। बता दें कि जतकुटवा बस्ती के पास करीब चार-पांच साल पहले ही सात निश्चय योजना के तहत मोटर पंप लगा जलापूर्ति शुरू की गई थी। लेकिन इसके पाइप कई जगहों पर फट गए है। जिस कारण जलापूर्ति योजना प्रभावित होने के साथ ही सड़क पर जलजमाव की समस्या भी गंभीर हो गई है। यहां पाइप फटने के कारण हर दिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहा है। जो मुख्य सड़क पर जमा हो स्टेशन रोड में परिचालन व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। फटे पाइप के मरम्मत के प्रति विभागीय उदासीनता से अब करीब पचास मीटर के दायरे में सड़क के आधे भाग तक जलजमाव हो गया है। जिसमें अब दुपहिया व तिपहिया जैसे छोटे वाहन फंसने लगे है। बता दें कि इसी रास्ते को पार कर शहरवासी तथा अनुमंडल की एक बड़ी आबादी हर दिन रेलवे स्टेशन आती जाती है। वही आस पास में कई निजी स्कूल व अस्पताल भी है। जलजमाव के कारण छात्रों, मरीजों तथा आस पास के लोगों को फजीहत झेलनी पड़ रही है।

सिर्फ जतकुटवा बस्ती तक सिमटा है जलापूर्ति: बता दें कि जतकुटवा बस्ती के पास सात निश्चय योजना के तहत लगाए गए मोटर पंप से पहले कमल नगर, स्टेशन इलाके तथा टेक्सटाईल कॉलोनी में जलापूर्ति देने की योजना थी। शुरू में कमल नगर मोहल्ले व स्टेशन के आस पास के इलाके में जलापूर्ति होती थी। लेकिन पिछले तीन वर्षों से इस मोटर पंप से सिर्फ जतकुटवा बस्ती में ही पानी की सप्लाई हो रही है। जिससे इस योजना के चयन पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। जानकारों का कहना है कि जलापूर्ति के लिए दोयम दर्जे का पाइप लगाया गया था जो जतकुटवा बस्ती से महाराजा पेट्रोल पंप तक कई जगहों पर फट गया था। लेकिन संबंधित विभाग ने मरम्मत व पाइप बदलने के बजाए जलापूर्ति को ही सिर्फ जतकुटवा बस्ती तक सीमित कर दिया।

जलजमाव व कीचड़ में फंस रहे हैं छोटे वाहन

बता दें कि इस जगह पर हुए जलजमाव में बाइक, ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा जैसे छोटे वाहन अब फंसने लगे है। सामने से आ रहे वाहनों को साइड देने के प्रयास में जैसे ही कोई वाहन चालक पानी में जाने का प्रयास करता है तो उनका वाहन फंस जाता है। रविवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब एक ई-रिक्शा जलजमाव व कीचड़ के बीच फंस गया था। बड़ी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया। स्थानीय लोगों की मानें तो पिछले एक सप्ताह से वाहनों के फंसने व फिसलने की घटनाएं बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। हर दिन कोई न कोई छात्र पानी में फिसल रहा है।

गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

बता दें कि इस जगह पर पिछले दो साल से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। कई बार नप प्रशासन ने इसकी मरम्मत भी करवाई है। लेकिन मरम्मत के कुछ दिनों बाद ही फिर से पाइप से रिसाव शुरू हो जाता है। जिससे पाइप तथा अन्य उपकरणों के गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

बोले मुख्य पार्षद प्रतिनिधि

पिछले कुछ महीनों में दो-तीन बार फटे पाइप की मरम्मत करवाई गई है। फिर से इसकी मरम्मत करवा जलापूर्ति को सुचारू किया जाएगा। इस मोटर पंप से जलापूर्ति का दायरा बढ़ाने का प्रयास भी किया जाएगा। ताकी अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सकें।

- सुमित गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि, डुमरांव नगर परिषद

एक नजर

आक्रोश मार्च निकाल स्व. सुखदेव के परिवार को न्याय दिलाने की बुलंद की आवाज

बक्सर। रविवार को बक्सर में महाराणा फाउंडेशन ने आक्रोश मार्च निकाल राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या में शामिल अपराधियों को फांसी की सजा दिला उनके परिवार को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की। यह आक्रोश मार्च गोलंबर से वीर कुंवर सिंह चौक तक आयोजित हुआ था। जिसमें काफी संख्या में बाइक, चारपहिया एवं पैदल मार्च करते लोग शामिल हुए। यह आक्रोश मार्च महाराणा फाउंडेशन के डा. एके सिंह के नेतृत्व में निकाला गया था। जिसमें मुख्यतः पांच सूत्री मांगों को लेकर भारत सरकार के गृह मंत्री से जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्यतः स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को यूपी की तर्ज पर एनकाउंटर करने या स्पीडी ट्रायल करते हुए उन्हें फांसी की सजा देने। उनके परिवार एवं गवाहों को वाई या जेड श्रेणी की स्पेशल सुरक्षा मुहैया कराने, संगठन के लिए हमेशा आंदोलनरत रहने वाले महिपाल सिंह मकराना, अंबु एवं शेर सिंह राणा को भी अविलंब स्पेशल सुरक्षा प्रदान करने की मांग रखी गई। सुखदेव सिंह के हत्यारे को गोली मारो या फांसी दो, राजस्थान सरकार हाय-हाय, केंद्र सरकार हाय-हाय के नारे लगातार लगाए जा रहे थे। वहीं फाउंडेशन के सचिव योगेंद्र सिंह, इंद्रजीत बहादुर सिंह, संजय सिंह, रामनाथ सिंह एवं गणेश सिंह आदि ने जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया। आक्रोश मार्च में मनोज सिंह, कमल सिंह, जगदीश सिंह, संजय सिंह, रामनाथ सिंह, फाइटर सिंह, कमलेश्वर सिंह, भैरव कुमार, रंजन तिवारी, रघुराज सिंह, चंदन सिंह, संतोष सिंह, संतोष गौतम, सुनील सिंह उज्जैन, राजपुर मुखिया अनिल सिंह, रामजी सिंह, अजित सिंह समेत सैकड़ो अन्य उपस्थित थे।

दसियांव की रश्मि को बीएचयू के दीक्षांत समारोह में मिला गोल्ड मेडल, छाई खुशी

केसठ। कहा जाता है कि मन में कुछ कर गुजरने ठान ले तो कठिन से कठिन का आसन हो जाता है। जिसे साबित कर दिखाया क्षेत्र के दसियांव गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद द्विवेदी की बेटी रश्मि कुमारी ने। बीएचयू वाराणसी में दसियांव की रश्मि कुमारी को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र मिला है। बीएचयू में सत्र 2021-23 में जुलॉजी विषय में टॉपर छात्रा रश्मि कुमारी 103 वां दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद एवं प्रोफेसर अनिल कुमार त्रिपाठी के द्वारा गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दसियांव गांव निवासी हरेंद्र प्रसाद द्विवेदी एवं मधु द्विवेदी की बेटी रश्मि ने गोल्ड मेडल पाकर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रश्मि कुमारी चार भाई व बहनों में सबसे बड़ी है। उसकी कामयाबी पर सभी भाई बहनों समेत पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। वही रश्मि कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम एवं लगन के कारण सफलता मिली है। वही प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल आने वाली रश्मि वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। जिला पार्षद अध्यक्ष विद्या भारती, समाजसेवी पप्पू यादव,मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान, सरपंच विष्णु देव पासवान,पुर्व प्रमुख रमेश गुप्ता, मंजू देवी,पुर्व मुखिया निर्भय कुमार निराला, सत्येंद्र दुबे, अशोक दुबे, कमलेश कुमार समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

रक्त बहाना है तो सरहद पर बहे सड़क पर नहीं: आईपीएस आनंद

- ब्रह्मपुर में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान
- बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों से सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने का किया गया अनुरोध

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

आईपीएस आनंद मिश्र के द्वारा रोड़ सेफ्टी को लेकर चलाया जा रहे 10 दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक रथ और पांच बाइकर्स के साथ आज ब्रह्मपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान दल चंद्रपुरा, उधुरा, निमेज, ब्रह्मपुर, रघुनाथपुर, बगेन, चौगाईं होते हुए डुमरांव पहुंचा। इस दौरान ग्रुप ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रघुनाथपुर पर वहां के युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। ग्रुप के सदस्यों ने सड़क पर बिना हेलमेट चल रहे लोगों को रोककर हेलमेट न पहनने के नुकसान बताए और सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने का अनुरोध किया। इस दौरान बाइकर्स गोविंद उपाध्याय, अनमोल, युवराज सिंह के अलावा परम फाउंडेशन के रवि मिश्र, शम्भू चंद्रवंशी, शैलेश ओझा, विशाल सिंह, आनंद शर्मा आदि लोग शामिल रहे। अपराधियों के लिए खौफ का पर्याय बन चुके आईपीएस आनंद मिश्र के इस पहल की लोग खूब प्रशंशा कर रहे है। अभियान का नेतृत्व कर रहे आईपीएस आनंद मिश्र का नारा है, ह्यअगर रक्त बहाना है तो सड़क पर नहीं बल्कि सरहद पर बहे। रोड सेफ्टी को लेकर यह ग्रुप बक्सर के हरेक गांव में जाएगी और वहां युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी। दस दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ किला मैदान से किया गया है। उन्होंने बताया कि यह 388 किमी लंबा अभियान होगा जो बक्सर के तमाम अलग-अलग प्रखंडों से होते हुए गुजरेगा और हर गांव से दस ऐसे युवा तैयार किए जायेंगे जो रोड सेफ्टी का ख्याल रखें और बाकि गांव वालों को जागरूक करें। साथ ही अपने गांव की लोकल पुलिस ने को खुद संभालें और पूरे भारत में यह संदेश फैले कि रोड मरने का जगह नहीं बल्कि चलने का साधन है। मौके पर कई अन्य उपस्थित थे।

स्वस्थ तन और मन से बड़ा कोई धन नहीं: डा. मनोज मिश्र

केटी न्यूज/बक्सर

स्वस्थ्य तन और मन से बड़ा कोई धन नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर मैं सामाजिक कार्य कर रहा हूं। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया पैनलिस्ट डा. मनोज मिश्र ने किला मैदान में कही। अवसर था उनके नेतृत्व में पटना के सुप्रसिद्ध डाक्टरों द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर का। डा. मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि अपना भारत स्वस्थ बने क्योंकि स्वस्थ शरीर मे ही स्वास्थ्य मन बसता है और स्वस्थ मन से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

उन्होंने सामाजिक कार्य तथा लोगों की मदद करना मेरा शगल है। उन्होंने कहा कि बक्सर के लोगों से जो प्यार और सहयोग मुझे मिल रहा है इसके लिए बक्सर वासियो का मैं कोटि कोटि आभार व्यक्त करता हूं। मेगा स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष अजय वर्मा एंव संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा ने किया। इस शिविर में राज्य की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा. विनीता द्विवेदी, डॉ. रूपम, डॉ. कुमारी अनुराग, डॉ. कुणाल सिन्हा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. अभय कुमार, डॉ. राणा संजय प्रताप सिंह, डॉ. शिवेंद्र, डॉ. शशांक ओझा, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. शशि प्रकाश तिवारी, डॉ. नागेंद्र, डॉ. श्रीकांत पांडेय, डॉ. संजय कुमार, डॉ. निशांत त्रिपाठी, डॉ. संजय चौबे, डॉ. अमरजीत कुमार आदि ने मरीजों का निःशुल्क इलाज किया। मेगा स्वास्थ्य शिविर में लगभग 3500 मरीजों ने अत्याधुनिक मशीनों द्वारा अपना जांच कराया। रोगियों के बीच निःशुल्क दवा, चश्मा का वितरण किया गया।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय राय, बैकुंठ शर्मा, सुनील ओझा, संजय साह, बसन्त कुमार, मनोज कुमार, विकास कुमार, अक्षय ओझा, सत्येंद्र पांडेय, सोनू राय, रामनारायण, अविनाश पांडेय, रूपेश दुबे, दीपक मिश्रा, अजय भट्ट, राजू यादव, दुर्गेश खरवार उपस्थित रहे।

बक्सर में सीताराम विवाह महोत्सव में भागवत कथा आयोजित

बिना गुरु के ज्ञान नहीं मिलता: देवाचार्य

केटी न्यूज/बक्सर

भागवत नाम का स्मरण से हमारे समस्त पापों का नाश तो होता है। लेकिन भागवत नाम के स्मरण की एक विशेष विधि है। भगवान के नाम के स्मरण के पहले हमें गुरु का स्मरण करना चाहिए। क्योंकि बिना गुरु के मार्गदर्शन के हमें ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता है। उक्त बातें सीताराम विवाह महोत्सव में भागवत कथा के प्रवचन के दौरान श्री मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र देवाचार्य जी महाराज ने कही।

उन्होंने कहा कि भगवान क्या हैं हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है यह सब तो बड़ी बातें हैं अगर श्री सद्गुरु के आशीर्वाद और मार्गदर्शन न प्राप्त हो तो हम यह भी नहीं जान सकते हैं कि हम मनुष्य हैं। सद्गुरु की कृपा से ही हमें मनुष्यता का भी बोध होता है। इसलिए सर्वप्रथम गुरु का स्मरण करना चाहिए और उसके पश्चात ही भगवान का स्मरण करना चाहिए। इसी के साथ विवाह महोत्सव में 10 तारीख से प्रारंभ श्रीमद् भागवत कथा श्री हरये नमः के जय घोष के साथ संपन्न हो गई। वही पूज्य श्री खाकी बाबा सरकार के पुण्य स्मृति में चल रहे 54 वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव के आठवे दिन भी नित्य की भांति आज प्रातः काल से ही आश्रम में विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। आश्रम के परिकरो ने सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस जी का नवाह पारायण पाठ किया वही दामोह की संकीर्तन मण्डली द्वारा नव दिवसीय अखण्ड अष्टयाम हरिकीर्तन जारी रहा। रविवार की रात्रि पूरे विधि विधान के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं जगत जननी माता सीता के विवाह का कार्यक्रम संपन्न होगा। विवाह महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में संतों के साथ-साथ भक्तगण में उपस्थित हुए हैं। आश्रम के परिकरों के द्वारा श्री सीताराम विवाह महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रहे हैं मुख्य पंडाल में भव्य विवाह मंडप का निर्माण एवं स्वास्थ्य सजा की जा रही है तथा अन्य तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही। रात्रि में विवाह महोत्सव संपन्न होगा।

व्यापार कर हर हाल में बढ़ाएं नहीं तो होगी कार्रवाई : डीएम

केटी न्यूज/मऊ

♦ स्टांप रजिस्ट्रेशन, आबकारी कर एवं विद्युत देय में भी वसूली में लाये तेजी : डीएम

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं अन्य राजस्व वसूली कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। कर करेत्तर वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर में इस माह निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 44.25 प्रतिशत राजस्व वसूली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उपायुक्त व्यापार कर को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही इस संबंध में विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। परिवहन कर की समीक्षा के दौरान डीएम ने जनपद में संचालित अन्य राज्यों की गाड़ियों की नियमित चेकिंग करने तथा अगली बैठक तक कुल चेक की गई गाड़ियों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्टांप रजिस्ट्रेशन, आबकारी कर एवं विद्युत देय में भी वसूली निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। विविध देयों की समीक्षा के दौरान व्यापार कर, वाहन कर, विद्युत देय, बैंक देय, स्टांप देय तथा रॉयल्टी में मानक के अनुरूप वसूली पर संतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने इसमें और तेजी लाने को कहा। प्रति अमीन औसत वसूली की समीक्षा के दौरान तहसील सदर में अपेक्षित संख्या में अमीनो की उपलब्धता के बावजूद प्रति अमीन औसत वसूली अन्य तहसीलों के सापेक्ष कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर को अमीनो की वसूली की नियमित समीक्षा करने तथा कार्यों में लापरवाही करने वाले अमीनो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। 10 बड़े बकायदारों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए वसूली प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान तहसीलदार न्यायिक मोहम्मदाबाद गोहाना में अभी भी धारा 67 के तहत 700 से ज्यादा लंबित प्रकरण पर जिलाधिकारी ने तहसील बार एसोसिएशन से वार्ता कर कोर्ट का संचालन सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 24 एवं 116 के तहत 3 माह से ज्यादा लंबित वादों का यथाशीघ्र निस्तारण का निर्देश दिए।

एक नजर

सड़क हादसे में व्यक्ति जख्मी, इलाजरत

मऊ। स्कूटर पर पत्नी को बैठाकर रतनपुरा से मऊ जा रहा एक व्यक्ति पहसा के समीप एक बछड़े से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि स्कूटर पर पीछे बैठी उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुरा कस्बा के पश्चिमी मोहल्ला निवासी रमेश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम जन्म गुप्ता 48 वर्ष अपनी पत्नी कुसुम गुप्ता को स्कूटर के पीछे बैठा करके मऊ जा रहा थे। उसे मऊ से मुंबई के लिए ट्रेन पकड़नी थी। जब वह पहसा स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तभी अचानक उसके स्कूटर के सामने एक बछड़ा आ गया। जिससे टकराकर वह स्कूटर से गिर पड़ा, और उसकी पत्नी दूर जा गिरी। स्कूटर से गिरते ही रमेश गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आई, जिसे आनन फानन में मऊ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। जख्मी का इलाज मऊ के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। जहां से उसकी स्थिति में सुधार न होने पर उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। घायल रमेश मुंबई में ही रहता है। इधर एक सप्ताह पूर्व अपने एक रिश्तेदार की शादी में सम्मिलित होने के लिए सपरिवार घर आया था।

स्वास्थ्य मेले में 1519 मरीजों का हुआ उपचार

चंदौली। जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की गई। इसका शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर यूके राय ने किया। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि चिकित्सकों की ओर से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 1519 मरीजों का उपचार किया गया। इसमें 681 पुरुष, 608 महिला एवं 230 बच्चे थे। वहीं कुल 42 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए कोविड हेल्प डेस्क पर 155 मरीजों का परीक्षण किया गया। लेकिन इसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई। मलेरिया के कुल आठ टेस्ट किए गए,इसमें से किसी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। टीबी के लक्षणयुक्त चिन्हित किए गए मरीजों की संख्या सात है। मेले में आए सभी मरीजों की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई साथ ही निशुल्क में दवा भी वितरित की गई।

खो-खो प्रतियोगिता में कोच बने राधेश्याम यादव

बलिया। उड़ीसा कटक में आयोजित अल्टीमेट खो -खो लीग सीजन -दो का आयोजन 24 दिसंबर से 13 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसमें जनपद से राधेश्याम यादव को टेक्निकल ऑफिशियल कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नेहरू स्टेडियम गाजीपुर में खो -खो प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त है। इससे पहले खो- खो प्रतियोगिता में 36 नेशनल गेम्स में भी अहमदाबाद में आयोजित हुए गेम्स में भी टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में प्रतिभाग किए थे। उससे पहले यह काठमांडू में भी टेक्निकल ऑफिशियल कोच के रूप में जा चुके हैं। अपने करियर में खो-खो के लिए हर साल 10 से 12 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभा करते हैं। इस खुशी पर जिला को संगठन के सचिव विपिन बिहारी राय अध्यक्ष डॉ. सानंद सिंह, जिला कीड़ा अधिकारी अरविंद यादव, प्राचार्य पंकज राय, लाल बहादुर यादव, मृत्युंजय राय, अंजय राय आदि लोगों ने खुशी व्यक्त की।

अंतिम दिन भक्तों ने सुना प्रभु राम विवाह प्रसंग

चंदौली। श्रीराम जानकी मंदिर भदाहु में आयोजित श्रीराम विवाह प्रसंग को शांतनु महाराज ने सुनाया। उन्होंने प्रवचन में कहा कि कैसे धर्म के स्थापना के लिए प्रभु राम को सांसारिक मयार्दा में रह कर लीलाएं करनी पड़ती हैं। माता जानकी के विवाह को लेकर अनेक राजाओं ने प्रयास किया। लेकिन पहले से ही तय और नियत समय पर प्रभु राम के द्वारा धनुष का टूटना अनेक राज्य के राजाओं के घमंड का टूटना मां जानकी के सांसारिक दायित्व का निर्वहन हमें बहुत कुछ सीखता है। न्याय और धर्म के स्थापना के लिए सांसारिक धर्म के धारण करके भी कर सकते। अत्याचार को दूर करने का प्रयास करना चाहिए संगीतमय पाठ से पूरे पंडाल में जय श्री राम के नारों से भक्ति के परम सुख का महसूस किया जा सकता है। कलयुग में राम का नाम ही इस भंवर से पार करने का साधन है। महादेव के प्रसंग बीच बीच में माता बहनों को अति उत्साहित कर रहा था। प्रेम दया और सामाजिक समरसता से इस संसार मे विकास सम्भव है। कथा के आयोजक देवेन्द्र प्रताप सिंह,राजेश सिंह, शशांक सिंह, विंध्याचल सिंह, प्रशांत सिंह बलवंत सिंह, गुलाब दूबे, सत्यवान मौर्य ,कमलेश यादव, रविकांत दूबे,लालबहादुर सिंह, अभय सिंह, रविन्द्र सिंह, पिंटू कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

खबरें फटाफट

डंपर के धक्के से आटो रिक्शा तालाब में गिरा

अलीनगर (चंदौली। थाना क्षेत्र के तारापुर फ्लाईओवर के पास डंपर की चपेट में आने से एक आटो रिक्शा सड़क किनारे तालाब में गिर गया। हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ। अलीनगर निवासी रिंकू शनिवार की देर शाम अपने ऑटो से मुगलसराय से सवारी लेकर सकलडीहा गया था। वहां से वापस लौटते समय जैसे ही तारापुर फ्लाईओवर के पास पहुंचा कि तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो सड़क किनारे तालाब में गिर गया। इस दौरान चालक रिंकू ने किसी प्रकार ऑटो से निकलकर अपनी जान बचाई। सुबह इसकी जानकारी होते ही राहगीरों की काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। राहगीरों ने बताया कि अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर प्रतिदिन डंपर तेज रफ्तार से दिन और रात चल रहे हैं, जिससे साइकिल मोटरसाइकिल सवार ही नहीं बल्कि सवारी वाहनों का भी चलना जोखिम भरा साबित हो रहा है।

अभियान के तहत नमो ऐप कराएं डाउनलोड

चंदौली। भाजपा की ओर से रविवार को जिला कार्यालय पर नमो ऐप अभियान की सफलता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बूथ पर पार्टी के सभी कार्यकताओं को अभियान चलाकर प्रत्येक शहरी बूथ पर 200 व ग्रामीण बूथ पर 100 लोगों के फोन में नमो एप डाउनलोड कराने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा सभी मोर्चों के लोग लाभार्थियों से व्यापक संपर्क कर नमो ऐप डाउनलोड कराएं जाने व उनके साथ सेल्फी लेकर अपने नमो ऐप पर डाउनलोड करें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नए मतदाता बने नौजवानों से संपर्क करें। इस दौरान राणा प्रताप सिंह, सर्वेश कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, उमा शंकर सिंह, शिवराज सिंह, आशीष गुप्ता, जैनेंद्र कुमार, हरवंस उपाध्याय, मनीष मिश्रा, किरण शर्मा, अनिल तिवारी, रामसुंदर चौहान, दिवेश पांडेय, भानु सिंह, प्रेम नारायण सिंह, आलोक, वरुण, राकेश मिश्रा उपस्थित रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में शुभम रहे प्रथम स्थान

मऊ। दोहरीघाट ब्लाक में रविवार को खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में जूनियर हाई स्कूल प्रथम आलोक यादव रहे। वही 800 मीटर की दौड़ में शुभम यादव प्रथम स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर जूनियर वर्ग में विकास यादव ,बालिका 100 मीटर की दौड़ में स्वीटी यादव ,बालिका 200 मीटर की दौड़ में अंशिका यादव ,बालक वर्ग में लंबी कूद प्रथम स्थान शुभम यादव ने प्राप्त किया, बालिका लंबी कूद प्रथम में आंचल ने प्राप्त किया। बालक कबड्डी सहित जूनियर वर्ग बिशनपुरा की टीम प्रथम रही, बालक कुश्ती 40 किलोग्राम में अंकित यादव प्रथम रहे। बालक सचिन शर्मा 55 किलोग्राम में प्रथम रहे। इस दौरान क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। खेल देखने के लिए लोगों में काफी उत्सुकता रही।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 45 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या हो रही है लाभान्वित

किसी भी गांव में नहीं दिखेगा कच्चा मकान, बनेगा पक्का घर : केंद्रीय मंत्री

♦ केंद्रीय मंत्री ने आमजन से लोकसभा चुनाव में अधिक मतों से जिताने की अपील की

केटी न्यूज/चंदौली

चंदौली जनपद के सांसद व भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय रविवार को जनपद के दौरे पर थे। इसी कार्यक्रम के दौरान वे विकास खंड नियामताबाद के बरहुली गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। साथ ही वहां लोगों को केंद्र प्रदेश व सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में कोई भी खपरैल का कच्चा घर नहीं होगा। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें पक्का मकान सरकार की ओर से बनाया जाएगा। कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश की श्रेणी में आ जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार के मुखिया पीएम मोदी लगातार प्रयासरत हैं। कहा कि पूर्व की सरकारें सिर्फ अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करती थी। लेकिन भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसका प्रमाण भी हर जगह देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के तहत 45 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या इसे लाभान्वित है। इसका लाभ आयुष्मान भारत कार्ड धारकों को पूरी तरह से मिल रहा है। इस तरह की योजना दुनिया के किसी भी देश में संचालित नहीं है। जो विकसित देश हैं, जहां इलाज के लिए इस तरह की सुविधा है, उसके बदले सम्बंधित व्यक्ति को भारी भरकम राशि बीमा कम्पनी को देनी पड़ती है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। वहीं विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में सरकार जो कार्य कर रही है। उसके माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि महापुरुषों के सिद्धांतों को शत प्रतिशत लागू कर रही है। साथ ही उन्होंने आगामी चुनाव में सांसद डॉक्टर महेंद्र पांडे को अधिक मतों से जीताने की अपील लोगों से की। इस दौरान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह, अभिमन्यु सिंह, हरिवंश उपाध्याय, उमा शंकर सिंह, शिवशंकर पटेल, प्रधान कलावती देवी, जितेंद्र पाण्डेय, केएन पाण्डेय, सतीश चौहान,अजय पाण्डेय, रामचंद्र विंद, महेंद्र श्रीवास्तव, किरन शर्मा, रीना तिवारी, प्रियंका तिवारी, ब्रिजेश बिंद, राकेश सिंह, खंड विकास अधिकारी शरद चन्द्र शुक्ल उपस्थित रहे।

युवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार कर रही कार्य: दयाशंकर

केटी न्यूज/गाजीपुर

गाजीपुर में मिनी मैराथन पांच किमी की दौड़ रविवार को आयोजित किया गया। यह एक अच्छा और सराहनीय प्रयास है। गाजीपुर हमेशा से खेल और राष्ट्र सेवा में वीरता के साथ अग्रणी रहा है। मैराथन दौड़ सबसे लंबी दूरी की दौड़ है। जिसमें ज्यादा उर्जा की जरूरत होती है। यह बात आज गाजीपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में शुभम सिंह, गर्वजीत सिंह एवं मनीष सिंह बिट्टू के द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रतिभा को उभारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयास कर रहे हैं। दयाशंकर सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार युवाओं के सुन्दर और अच्छे भविष्य के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में मैराथन एक अच्छी परम्परा की शुरूआत है। राकेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को यह युवा पीढ़ी ही साकार करेगी। ओलम्पिक खेल हो चाहे एशियाड खेल इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह युवा पीढ़ी कर विकसित भारत के सपने को साकार करने का प्रयास भी कर रही है । उन्होंने कहा कि जब खेलेगी इंडिया ,तब आगे बढेगी इंडिया और खेल खेल में आगे बढ़ जाएगी इंडिया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में आम जनता को किया गया जागरूक

केटी न्यूज/मऊ

द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत कार्यालय की एलईडी, टीवी एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रसारण कराया गया, जिसमें बस / ट्रक / ऑटो / ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) द्वारा कार्यक्रम में सभी बस / ट्रक / ऑटो / ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के विषय में जागरूक किया गया तथा सुझाव दिया गया कि दो पहिया वाहन का संचालन बिना हेलमेट लगाये न करें एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें और धैर्य के साथ वाहन का संचालन करें जिससे पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेंगे। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) सुहेल अहमद एवं अरविन्द कुमार, प्रमोद कुमार गौतम, दयानिधि उपाध्याय, कमरूज्जमा, तारा सिंह चौहान एवं करूणा निधि राय तथा प्रवर्तन सिपाहियों के साथ परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

धनुष यज्ञ मेले में चेतक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गाजीपुर। सुहवल गांव में संत मानदास बाबा के तपोस्थली में धनुष यज्ञ मेला आयोजित है। इस अवसर पर रविवार को अंतरप्रांतीय चेतक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें चंदौली के सोमारू के चेतक ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह मऊ के पूर्व मंत्री दयाराम पाल का चेतक द्वितीय एवं सेमरा के योगेन्द्र राम का चेतक तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक चेतकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने विजेता एवं उपविजेता चेतकों को शील्ड दे पुरस्कृत किया। आरंम्भिक चेतक प्रतियोगिता तीन चक्र का रहा। जिसमें पांच-पांच चेतकों ने भाग लिया। इसमें से फाइनल मुकाबले के लिए हरेक चक्र से दो- दो प्रथम व द्वितीय स्थान पर आए चेतको का चयन किया गया। फाइनल मुकाबला पांच चक्र का रहा।

अलीनगर के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 350 लोगों की हुई जांच

केटी न्यूज/मऊ

आईएमए मऊ के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर अलीनगर में आयोजित हुआ। जिसमें दो दर्जन से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मऊ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने किया। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नंद कुमार ने विशिष्ट अतिथि तथा एक चिकित्सक के रूप में लोगों को परामर्श तथा गाइडेंस प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर मे आईएमए मऊ अध्यक्ष डॉक्टर पी एल गुप्ता एवं महासचिव डॉक्टर सी एस साहनी ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज में डॉक्टर और मरीजों के बीच आपसी सामंजस्य बनाए रखने के लिए इस तरह के कैंप का आयोजन करती है, ताकि मरीजों को इसका पर्याप्त लाभ मिल सके।इस स्वास्थ्य शिविर मे 350 मरीज देखे गए ,और लगभग 100 मरीजों के रक्त की जांच की गई। आई एम ए मऊ के सभी विभाग के डॉक्टर मुफ्त ओपीडी सेवाए प्रदान किए । स्वास्थ्य शिविर में खून की कमी की बीमारी ,एनीमिया तथा शुगर और गठिया रोग के खून की जांच की गई तथा खून की कमी से होने वाले शारीरिक नुकसान तथा मानसिक दशा पर प्रभाव पर मरीजों को जागरूक किया गया । आज के स्वास्थ्य शिविर मे विशेष योगदान अलीनगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार प्रजापति तथा मीडिया बंधु जो इस स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर मरीजों की सेवा किये तथा व्यवस्था बनायें रखे।

बच्चों को स्वच्छता अभियान का पालन करने तथा साफ -सफाई रखने की दी गई हिदायत

छात्र-छात्राओं ने आपातकाल की स्थिति से निपटने के सीखे गुर

♦ स्काउट गाइड के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

केटी न्यूज/गाजीपुर

मरदह ब्लाक क्षेत्र के माता भगवती इंटर कॉलेज सुलेमापुर देवकली में हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। तीन दिन में विद्यालय के स्काउट प्रशिक्षुओं के सवार्गीण विकास के लिए राष्ट्र सेवा, रस्सी गांठ बाधना सेवा, आपदा प्रबंधन, राष्ट्र के संकट काल व आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तौर तरीके सिखाए गए। शिविर के मुख्य अतिथि अमरनाथ दास प्रवक्ता व विनय शंकर पांडेय प्रधानाचार्य माता भगवती इंटर कॉलेज, विशिष्ट अतिथि विजय शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से कैम्प का निरीक्षण किया।

साथ ही प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी के बारे में पूछा स्काउट गाइड के प्रतिभागी बच्चों ने टेंट बनाना, घायलों को बिना स्टेचर के उपचार के लिए ले जाना, ध्वज शिष्टाचार व मार्च पास्ट रस्सी गांठ के तौर-तरीके आदि गतिविधियों को आए हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य विनय शंकर पांडेय ने शिविर को लाभदायक बताते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है तथा उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को मेडल देकर सम्मानित किया एवं बच्चों को स्वच्छता अभियान के पालन करने तथा साफ -सफाई रखने की हिदायत दी।

जिला संगठन आयुक्त नितेश यादव ने शिविर के माध्यम से छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, ट्रैफिक नियम एवं सर्व शिक्षा अभियान आदि विषयों को प्रमुखता से बताया कि आगे चलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा और बच्चे आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।